an>

Title: Need to set up a central training centre and research institute for Panchayati Raj Institutions in Nagaur Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री सी.आर.चौधरी (नागौर) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका अभिनंदन और धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे लोकसभा क्षेत्र के लोगों की बहुत पुरानी मांग को प्रस्तुत करने का अवसर दिया। पंचायती राज की स्थापना 2 अक्टूबर, 1959 को पहले भारत के पहले प्रधानमंत्री स्व. जवाहर लाल नेहरु द्वारा नागौर में की गई थी। 63वें संविधान संशोधन के पश्चात पंचायतों का काम बहुत बढ़ गया। जिला परिषद मैम्बर, पंचायत समिति मैम्बरों के नए ढंग से चुनाव शुरु हुए। अब देश के हर राज्य में ट्रेनिंग इंस्टीटयूट्स हैं। नागौर में पंचायती राज की स्थापना हुई थी। मैं आपके माध्यम से माननीय पंचायती राज मंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि सैंट्रल पंचायती राज ट्रेनिंग इंस्टीटयूट नागौर में खोला जाए जिससे पंचायती राज को हमेशा के लिए याद रखा जा सके।

वास्तव में पंचायती राज रिसर्च इंस्टीटयूट की बहुत समय से मांग हो रही है। भारत में कई जगह इंस्टीटयूट होंगे। राजस्थान राज्य में पंचायती राज रिसर्च इंस्टीटयूट की आवश्यकता है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि कम से कम यहां सैंट्रल पंचायती राज इंस्टीटयूट और पंचायती राज रिसर्च इंस्टीटयूट तो बनना ही चाहिए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और

श्री पी.पी. चौधरी को श्री सी.आर चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।